# सतर्क भारत समृद्ध भारत विषय पर प्रतियोगिता आयोजित

नवभारत न्यूज

**सागर 3 नवम्बर. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वितीय एवं तृतीय के संयुक्त तत्वाधान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम सतर्क भारत समृद्ध भारत की थीम पर प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भावना रमैया एवं डॉ. अपर्णा चाचोंदिया के मार्गदर्शन में ऑनलाईन प्रतियोगिता आयोजित की गई.**

पोस्टर (उपभोक्ता संरक्षण) प्रतियोगिता में प्रथम - रोशनी अहिरवार, द्वितीय - प्रांजल चाचोंदिया एवं तृतीय - प्रियंका दांगी रही. निबंध प्रतियोगिता (भ्रष्टाचार मुक्त भारत एक सपना) में भानुप्रिया - प्रथम, शिवानी रैकवार - द्वितीय, सौम्या सूर्यवंशी तृतीय रहीं. स्लोगन प्रतियोगिता में (भ्रष्टाचार मुक्त भारत) प्रांजल चाचोंदिया प्रथम, कुसुम राय द्वितीय, सौम्या सूर्यवंशी तृतीय रहीं. कविता लेखन में (भ्रष्टाचार मुक्त भारत) पूजा श्रीवास्तव प्रथम, नाजमीन एवं प्रियंका दांगी द्वितीय, शीतल पटेल तृतीय रहीं.

उपभोक्ता संरक्षण पर ऑनलाईन व्याख्यान डॉ. सुनील श्रीवास्तव प्राध्यापक अर्थशास्त्र शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय द्वारा दिया गया जिसमें उपभोक्ता सतर्कता एवं जागरूकता अधिनियमों पर छात्राओं को जानकारी दी गई राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा आयोजित उपरोक्त प्रतियोगिताओं में लगभग 70 छात्राओं ने भाग लिया.

# दिव्यांगों की जिंदगी बचाओ और उनके साथ जीवन बिताओ

**नवभारत न्यूज**

**सागर 3 दिसंबर. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय की रासेयो इकाई द्वितीय एवं तृतीय के संयुक्त तत्वाधान में विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया.**

प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने कहा दिव्यांग का तात्पर्य शारीरिक दुर्बलता ही नहीं है बल्कि मानसिक अपंगता भी है. यदि आत्मविश्वास एवं दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो कोई भी अवरोध आगे बढ़ने से नहीं रोक सकता. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भावना रमैया ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्व के लिए नहीं अपितु हम की भावना से कार्य करता है. हमारे समाज में दिव्यांगता को बोझ न समझें बल्कि उन्हें जीवन जीने की कला भी सिखाएं. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अपर्णा चाचोंदिया ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी होने के नाते आपका यह दायित्व है कि हमारे समाज में इन दिव्यांगों के संग भले ही कुछ समय के लिए सही उनके चेहरे पर मुस्कुराहट लाने का प्रयास करें तथा औरों को भी प्रेरित करने के लिए आज संकल्पित हों. इसी संकल्प के साथ दिव्यांगों की जिन्दगी को बचाओं और उन साथ जीवन बिताओ की धारणा दिव्यांग दिवस पर स्वयंसेवी कुसुम राय द्वारा गोद ग्राम कुड़ारी में दिव्यांग बालिकाओं के साथ समय बिताया.

# स्लोगन पोस्टर के द्वारा जागरूक किया छात्राओं को

नवभारत न्यूज

**सागर 1 दिसंबर. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर महाविद्यालय की प्रभारी आचार्य प्राचार्य डॉ आशा पाराशर की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ.**

संचालन कर रही एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ भावना रमैया ने युवा पीढ़ी के सावधानीपूर्वक जीवन व्यतीत करने हेतु सुझाव दिए अनेक सुझाव दिये. कोरोना महामारी के समान एड्स भी एक खतरनाक जानलेवा बीमारी है जिसका सतर्कता ही उपाय है. कार्यक्रम अधिकारी डॉ अर्पणा चंदोलिया ने कहा कि स्वयंसेवी छात्राओं का आज मूल कर्तव्य है कि इस कोरोना काल में सुरक्षित रहने के लिए एड्स जैसी



संक्रमित बीमारी से बचे रहने हेतु जन जागृति पोस्टर, स्लोगन, निबंध, व्याख्यान के माध्यम से जन सम्मान तक पहुंचायें. एड्स पर आधारित इस विशेष आयोजन के अवसर पर स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय आकार कोरोना की गाइड लाईन का पालन करते हुए प्रथम वर्ष की प्रवेश फॉर्म जमा करके करने वाली छात्राओं को स्लोगन पोस्टर के द्वारा जागरूक किया एवं रेट रिबन लगाकर एड्स की सर्तकता एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संकल्प लिया. जागरूपता कार्य में शिवानी रैकवार, प्रांजल चंचोदिया, साक्षी गुप्ता, मजकीन बानो, कुसुम राय, काजल पटेल, पूजा विश्वकर्मा, आश्रिता सिंह ठाकुर, रोशनी अहिरवार ने पूरे महाविद्यालय में छात्राओं एवं प्राध्यापकों को जागरूकता संदेश दिया. इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ तिवारी, डॉ अंजना चतुर्वेदी, डॉ प्रतिमा खरे, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ एएच अंसारी, डॉ. अंजना नेमा, डॉ मालती दुबे, डॉ मोनिका सोनी, डॉ संजय दोहरे, डॉ. राकेश साकेत, डॉ अर्चना जगेत, डॉ ख्याति बेलापुरकर, डॉ. हरिओम सोनी उपस्थित रहे.

RESTIN MATTRESS
Sleepwell
साहिल जैन साहिल फर्नीचर
मजार के पास, भगवानगंज सागर, फोन- 83494...

# रासेयो का ऑनलाइन उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ

नवभारत न्यूज

**सागर 30 दिसंबर. शासकीय स्नाकोत्तर कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय एवं तृतीय ईकाई के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार के अध्यक्षता में ऑनलाईन उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने कहा कि राष्टीय सेवा योजना के स्वयंसेवी सामुदायिक विकास की भावना से कार्य करें. अपनी सोच को संकुचित न रखें एवं व्यापक दृष्टि से समाज सेवा करें एवं वर्तमान में व्यापक महामारी कोरोना के लिये आगे की योजना टीकाकरण में अपनी सक्रिय सहभागिता दें. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भावना रमैया को स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना की पृष्ठभूमि, उद्देश्य, कर्त्तव्य, प्रमाण पत्र की उपयोगिता को विभिन्न शिविरों की जानकारी दी. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चाचौदिया ने कहा कि मन मे सेवा भावना रखकर कार्य करें एवं दूसरों को भी कार्य के लिये प्रेरित करें. इस अवसर पर ऑनलाईन लगभग 100 छात्राओं ने सहभागिता दी.







